Video Link for Listening : https://www.youtube.com/watch?v=ZKk8EYdgG8g

## कार्य 1 प्रश्न 1 (12 अंक)

**मौखिक बहुविध पाठ**

इस कार्य में प्रश्न 1a-1f शामिल हैं जो **संस्कृति** और **संबंध** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित हैं। आपको अनेक प्रश्नों के उत्तर देकर लक्ष्य भाषा में पाठ की समझ प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा। कार्य 1 का मूल्यांकन **मानदंड ए (श्रवण)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित बहुविध पाठ देखें:




©1

**Tooltip**

- 1. https://www.youtube.com/watch?v=ZKk8EYdgG8g [Accessed 24/11/2022]

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

## प्रश्न 1a (4 अंक)

सही शब्दों का **चयन** कर नीचे दिए गए रिक्त स्थानों को भरें।

उचित विकल्प को रिक्त स्थान में लगाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पिछला | शाही | बादशाह | ज़्यादातर |
| दूसरी तरफ | चबूतरा | मुख्य रास्ता | सामने |

i. ताजमहल देखनेवाले ये नहीं जानते कि वे ताजमहल का ___________ हिस्सा देख रहे हैं।

ii. ___________ दरवाजा नदी के किनारे दूसरी तरफ है।

iii. ___________ और उनके शाही मेहमान नाव में बैठकर आते थे।

iv. नदी के किनारे एक ___________ हुआ करता था।

**प्रश्न 1b (4 अंक)**

पहचानें कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत।

i. मुगल सल्तनत का सबसे सुनहरा दौर चबूतरे पर था।

○ सही

○ गलत

ii. भूकंप आने पर चारमीनारों के अंदर की ओर गिरने की संभावना कम हो जाती है।

○ सही

○ गलत

iii. कुतुबमीनार भारत की सबसे ऊंची मीनारों में से एक है।

○ सही

○ गलत

iv. शाहजहाँ के राज्य में बादशाह का हुकुम बादशाह का हुकुम कोई नहीं मानता था।

○ सही

○ गलत

**प्रश्न 1c (1अंक)**

मुगल काल में ताज तक पहुँचने के लिए मुख्य रास्ता कौन-सा था? सही उत्तर का चयन करें।

A. तालाब

B. नदी

C. समंदर

D. झरना

**प्रश्न 1d (1 अंक)**

शाहजहाँ ने मजदूरों और कारीगरों को जिंदगी भर की पगार देकर उनसे क्या लिखवाया था? सही उत्तर का चयन करें।

A. पत्र

B. अखबार

C. इकरारनामा

D. अकबरनामा

**प्रश्न 1e (1 अंक)**

वीडियो में कुतुबमीनार की ऊँचाई कितनी बताई गई है? सही उत्तर का **चयन** करें।

A. 27.5 मीटर

B. 52.7 मीटर

C. 74.5 मीटर

© International Baccalaureate Organization 20
International Baccalaureate® | Baccalauréat International® | Bachillerato Internaciona

D. 72.5 मीटर

**प्रश्न 1f (1 अंक)**

किसके काल को मुग़ल हुकूमत का सुनहरा दौर बताया गया है? सही उत्तर का **चयन** करें।

A. शाहजहाँ के काल को

B. शाही मेहमानों के काल को

C. वस्तु-कला के काल को

D. अकबर के काल को

**कार्य 1 प्रश्न 2 (8 अंक)**

**मौखिक बहुविध पाठ**

इस कार्य में प्रश्न 2a-2g शामिल हैं जो **संस्कृति** और **संबंध** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित हैं। आपको अनेक प्रश्नों के उत्तर देकर लक्ष्य भाषा में पाठ की समझ प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा। कार्य 1 का मूल्यांकन **मानदंड ए (श्रवण)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

**प्रश्न 2a (1 अंक)**

इस वीडियो की विधा क्या है? सही उत्तर का **चयन** करें।

A. डायरी

B. वर्णन

C. लेख

D. संवाद

**प्रश्न 2b (1 अंक)**

वीडियो के आधार पर बताएँ कि वक्ता ने "लोग नाव के माध्यम से आते थे" में किस काल का प्रयोग किया है? सही उत्तर का **चयन** करें।

A. भविष्यकाल

B. वर्तमानकाल

C. भूतकाल

D. अपूर्ण वर्तमानकाल

**प्रश्न 2c (1 अंक)**

वीडियो में वक्ता की भाषा किस प्रकार की है? सही उत्तर का **चयन** करें।

A. हास्यप्रद

B. सरल


© International Baccalaureate Organization 2024
International Baccalaureate® | Baccalauréat International® | Bachillerato Internacional®

C. गंभीर

D. दु:खद

**प्रश्न 2d (1 अंक)**

प्रस्तुत तस्वीर के माध्यम से चित्रकार ने मनोरंजन को कैसे दिखाया है? सही उत्तर का **चयन** करें।



M23 LA Hindi CA original.00_03_54_26.Still002.png

A. संगीत व नृत्य

B. भोजन व जलपान

C. दरबार व बैठक

D. फिल्म व अभिनय


**प्रश्न 2e (1 अंक)**

वीडियो के आधार पर दिए गए वाक्य का काल (समय) **पहचानकर** वाक्य सही कीजिये।

"चारों तरफ अमन और खुशहाली है।"

**प्रश्न 2f (2 अंक)**

दिए गए चित्रों का उनकी व्याख्या से उचित **मिलान** कीजिये।

i. 


M23 LA Hindi CA original.00_02_20_24.Still003.png

ii. 


M23 LA Hindi CA original.00_00_02_00.Still001.png

A. दुनिया की सबसे भव्य इमारत
B. इमारतें बनवाने का शौक
C. बादशाह का हुकुम
D. ऐशो-आराम का दौर

**प्रश्न 2g (1 अंक)**

वीडियो का लक्षित दर्शक कौन है? सही व सटीक उत्तर का **चयन** करें।

A. व्यापारी

B. वृद्ध

C. पर्यटक

D. उपर्युक्त सभी

D


**कार्य 2 प्रश्न 3 (12 अंक)**

**लिखित बहुविध पाठ**

इस कार्य में प्रश्न 3a-3c हैं जो **संस्कृति** और **संबंध** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित है। आपको अनेक प्रश्नों के उत्तर देकर लक्ष्य भाषा में पाठ की समझ प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा।
कार्य 2 का मूल्यांकन **मानदंड ब (पठन)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित बहुविध पाठ पढ़ें:

## दिल्ली : देश की धड़कन



M23 LA Hindi CA Task 2 image.png

Tooltip

- 1. https://hindi.mapsofindia.com/delhi/ [Accessed 18/11/2022]

भारत की राजधानी दिल्ली यमुना नदी के किनारे स्थित है और यह 1483 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली है। यहाँ का मासिक तापमान जनवरी में 14.3 डिग्री सेल्सियस से लेकर जून में 34.5 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

दिल्ली में यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि घूमना कहाँ से शुरु करें। पुरानी दिल्ली की मशहूर जगहों में शानदार लाल किला, भीड़ भाड़ वाला चाँदनी-चौक, ऐतिहासिक राज घाट और शांति-वन हैं। यहाँ जवाहरलाल नेहरु, दिल्ली, जामिया मिलिया आदि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय हैं जो हमारे इतिहास को सजीव रखते हैं।

दिल्ली पूरे देश से हवाई, सड़कों और रेल मार्गों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू के अलावा पूरी दुनिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें मिलती हैं। प्रगति मैदान व इंडिया एक्सपो सेंटर एक्सपो महत्वपूर्ण प्रदर्शनियाँ आयोजित करता है। कनाट प्लेस व नेहरु प्लेस दिल्ली के व्यस्ततम स्थान हैं। सिस्को, इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट, जेरोक्स, सिंगर, शेल, देवू, मित्सुई आदि दुनिया भर की निर्यातक कंपनियां दिल्ली में हैं।

दिल्ली ने देश भर के लोगों का ध्यान हमेशा अपनी ओर खींचा है। यहाँ आम तौर पर बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी, पंजाबी, उर्दू और अंग्रेजी हैं। हिंदी यहाँ की मुख्य भाषा है क्योंकि ज्यादातर

BRILLIANT LEARNING

आबादी यह भाषा बोलती है। दिल्ली ऐतिहासिक स्थानों व व्यावसायिक स्थानों के बिना अधूरा है। सैलानियों का यह मुख्य आकर्षण केंद्र है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

**प्रश्न 3a (4 अंक)**

अनुच्छेद में से उस शब्द अथवा वाक्यांश को **चुनें** जिनका अर्थ निम्नलिखित है।

i. कठिन

ii. रास्तों

iii. पर्यटक

iv. जनसंख्या

**प्रश्न 3b (4 अंक)**

सही शब्दों का **चयन** कर नीचे दिए गए रिक्त स्थानों को भरें।

उचित विकल्प को रिक्त स्थान में लगाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| है | के | की | तब तक |
| जब तक | में | था | से |

© International Baccalaureate Organization 2024
International Baccalaureate® | Baccalauréat International® | Bachillerato Internacional®

[redacted]

दुनिया घूमने ___________ पहले आपको सबसे देश घूमना चाहिए। ___________ आप अपने देश ___________ विभिन्न स्थानों की यात्रा नहीं करते तब तक आपको अन्य देशों की यात्रा का आनंद पूर्ण रूप से नहीं मिलता। इसलिए सबसे पहले अपने देश के अधिकतर स्थानों ___________ यात्रा अवश्य करें।

BRILLIANT LEARNING

**प्रश्न 3c (4 अंक)**

पाठांश के आधार पर **चार** सही वाक्य **चुनिए**।

A. यमुना नदी दिल्ली में है।

B. जनवरी में यहाँ तापमान कम होता है।

C. यहाँ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय बन रहे हैं।

D. इंदिरगांधी हवाई अड्डे से राष्ट्रीय उड़ाने नहीं मिलतीं।

E. कनाट प्लेस व नेहरू प्लेस में भीड़ बहुत होती है।

F. दिल्ली में अधिकतर लोग हिन्दी में बातें करते हैं।

G. सिस्को, इंटेल, देवू इत्यादि कंपनियाँ दिल्ली आनेवाली हैं।

H. सेनानियों का यह मुख्य आकर्षण केंद्र है।

**कार्य 2 प्रश्न 4 (8 अंक)**

**लिखित बहुविध पाठ**

इस कार्य में प्रश्न 4a-4f हैं जो **संस्कृति** और **संबंध** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित है। आपको अनेक प्रश्नों के उत्तर देकर लक्ष्य भाषा में पाठ की समझ प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा। कार्य 2 का मूल्यांकन **मानदंड ब (पठन)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

**प्रश्न 4a (2 अंक)**

पाठांश की विधा क्या है? सही उत्तर का **चयन** करें। पाठांश के आधार पर एक उदाहरण देते हुए अपने उत्तर को **स्पष्ट** कीजिए।

A. साक्षात्कार

B. वेब पेज / ऑनलाइन लेख

C. पत्र


D. वार्ता

उदाहरण:

**प्रश्न 4b (1 अंक)**

प्रस्तुत चित्र के लिए पाठांश के दूसरे परिच्छेद से एक उचित वाक्य **चुनकर** लिखिए।

© International Baccalaureate Organization 2024
International Baccalaureate® | Baccalauréat International® | Bachillerato Internacional®



GettyImages-541283954.jpg

**प्रश्न 4c (1 अंक)**

पाठांश के आधार पर कोई **एक** कारण बताइए कि यहाँ दिल्ली के अधिकतर स्थानों के बार में चर्चा क्यों की गई है।

**प्रश्न 4d (2 अंक)**

पाठांश की भाषा शैली कैसी है? **दो** उचित विकल्प चुनें।

A. औपचारिक

B. अनौपचारिक

C. जानकारीयुक्त

D. मुहावरेदार

**प्रश्न 4e (1 अंक)**

“दिल्ली ऐतिहासिक स्थानों व व्यावसायिक स्थानों के बिना अधूरा है" कोई **एक** कारण बताइए कि लेखक का यह वक्तव्य किस बात की ओर संकेत करता है।

**प्रश्न 4f (1 अंक)**

'ध्यान खींचना' मुहावरे का प्रयोग किस उद्देश्य से किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

**कार्य 1 और कार्य 2 प्रश्न 5 (8 अंक)**

इस कार्य में प्रश्न 5a-5d हैं जो **संस्कृति** और **संबंध** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित है।
आपको दोनों पाठ्यांशों की लक्ष्य भाषा में अपनी समझ का प्रदर्शन करने हेतु कई प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा।
इस कार्य का मूल्यांकन **मानदंड ए (श्रवण)** और **मानदंड ब (पठन)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

**प्रश्न 5a (2 अंक)**

दिए गए शब्दों के सही **स्रोत** **चुनिए**।

i. भारत

ii. अफवाह

A: सिर्फ वीडियो में

B: पाठांश में

C: दोनों में

**प्रश्न 5b (2 अंक)**

**पहचानें** कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत और किसी एक पाठ से उदाहरण देकर अपने उत्तर को **स्पष्ट** करें।

| |
|---|
| *"दिल्ली और ताजमहल जैसे ऐतिहासिक स्थानों का पर्यटन हमारे इतिहास को जीवित रखता है।"* |


○ सही

○ गलत

उदाहरण:

**प्रश्न 5c (2 अंक)**

पाठांश और वीडियो में क्या समानता देख सकते हैं। **पहचानकर** पाठांश और वीडियो से **एक-एक** उदाहरण दीजिए।




*इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू के अलावा पूरी दुनिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें मिलती हैं। दिल्ली पूरे देश से हवाई, सड़कों और रेल मार्गों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।*

**प्रश्न 5d (2 अंक)**

नीचे दिए गए पाठांश और वीडियो में क्या असमानता है। **पहचानकर** पाठांश और वीडियो से **एक-एक** उदाहरण दीजिए।

**कार्य 3 प्रश्न 6 (24 अंक)**

**लिखित पाठ की रचना**

इस कार्य में प्रश्न संख्या 6 है जो **संचार** और **रचनात्मकता** की प्रमुख अवधारणाओं पर केंद्रित है। यह प्रश्न निर्धारित वैश्विक संदर्भ **वैश्वीकरण और स्थिरता** को दर्शाता है। दिए गए दो विकल्पों में से किसी **एक** विकल्प पर अपनी प्रतिक्रिया/ विचार लिखें।

कार्य 3 का मूल्यांकन **मानदंड द (लेखन)** का उपयोग करके किया जाता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से किसी **एक** विकल्प का **चयन** कर अपनी प्रतिक्रिया/विचार लिखें।

**विकल्प 1**

लेख - आप अपने शहर के "साइकल चलाओ" अभियान का हिस्सा रहे हैं। इस अभियान में आपने क्या - क्या किया और आपका अनुभव कैसा रहा? अपने अनुभवों पर आधारित एक स्थानीय पत्रिका के लिए लेख लिखिए।

(लगभग 100-150 शब्द)




**विकल्प 2**

भाषण - अपने मोहल्ले की हरियाली बढ़ाने के लिए और हवा को शुद्ध करने के लिए आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय सभा में देने हेतु भाषण तैयार कीजिए।

(लगभग 100-150 शब्द)



M23 LA Hindi CA Task 3 option 2.png

©1

©2

©3

**Tooltip**

1. https://www.istockphoto.com/Rawpixel [Accessed 24/11/2022]
2. https://www.istockphoto.com/Paulina Rojas Gonzalez [Accessed 24/11/2022]
3. https://www.istockphoto.com/JodiJacobson [Accessed 24/11/2022]